# सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मन्दसौर
## जिला मन्दसौर (म.प्र)

Email :deanspgmcmandsaur@gmail.com Website: www.spgmcmandsaur.org


क्रमांक / 141 / 2024 मन्दसौर, दि. 11.07.2024

**विज्ञप्ति सीनियर रेसीडेन्ट (SR)**

म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय भोपाल के पत्र पृ.कं/एफ 2/1/14/0013/2023/55–2 भोपाल दिनांक 21.11.2023 एवं म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय भोपाल के पत्र पृ.कं 89/एफ 2–42/ 2007/1/55 (पार्ट) भोपाल दिनांक 12.01.2024 के परिपालन में सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मन्दसौर (म.प्र.) में सीनियर रेसीडेन्ट (SR) के निम्नांकित रिक्त पदों पर सीमित पदावधि (Tenure) से पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित प्रारुप में प्रत्येक कार्य दिवस में वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु आवेदन आमंत्रित (**समस्त रिक्त पदों की पूर्ति होने तक**) किए जाते है:–

| Sl. No | Department | Total Post | UR | OBC | SC | ST | EWS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Anatomy | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 2 | Physiology | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 3 | Biochemistry | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 4 | Pharmacology | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 5 | Pathology | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Microbiology | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 7 | Forensic Medicine & Toxicology | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 8 | Community Medicine | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 9 | General Medicine | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 10 | Pediatrics | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 11 | Dermatology | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | Psychiatry | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | General Surgery | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 14 | Orthopedics | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 15 | Otorhinolaryngology (ENT) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | Ophthalmology | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | Obstretics & Gynecology | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 18 | Anesthesialogy | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | Radiodiagnosis | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| | Total | 50 | 20 | 15 | 2 | 13 | 0 |

सीनियर रेसीडेन्ट (निश्चित वेतन रु. 84,924/– प्रतिमाह)

नोटः–इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, भोपाल, म.प्र. (Website: https://medicaleducation.mp.gov.in/), महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्स महाविद्यालय एवं संबद्व चिकित्सालय, स्वशासी संस्था, इन्दौर (म.प्र.), (Website: https://indore.nic.in/en/), डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मेडिकल कॉलेज, रतलाम, म.प्र. (website: https://gmcratlam.org/), नंदकुमार सिंह चौहान गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, खंडवा, (म.प्र.) (website: https://www.gmckhandwa.org/) एवं सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मन्दसौर (म.प्र.) (https://spgmcmandsaur.org/) की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं तथा पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र के साथ मूल दस्तावेजों की अभिप्रमाणित छायाप्रति, 01 फोटो एवं निर्धारित शुल्क जमा कर उसकी रसीद की कॉपी संलग्न करें । आवेदक स्कुटनी हेतु **माह जुलाई के अंतिम कार्य दिवस तक प्रतिदिन को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे** तक महाविद्यालय में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें एवं स्कूटनी पश्चात साक्षात्कार **उसी दिन दोपहरः 2 से बजे प्रारंभ होंगे** ।

साक्षात्कार हेतु आवेदक आवश्यक अभिलेखों/प्रमाणपत्रों की मूल प्रति तथा अभिप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

मध्यप्रदेश शासन के नवीनतम आदेश कमांक के प्रावधान अनुसार सभी स्नातकोत्तर छात्र जिनका चयन सीनियर रेसीडेन्ट के पद पर होगा उन्हें ग्रामीण सेवा के बांड से इस शर्त के साथ मुक्त किया जाएगा कि बांड अवधि के बराबर अवधि तक महाविद्यालय में इस पद पर सेवाएँ देगें। उक्त अवधि के पूर्व सेवा छोड़ने की स्थिति से ग्रामीण/अधिसूचित क्षेत्रों में सेवा हेतु किये गये बाण्ड की शर्तें लागू हो जाएगीं और उन्हें निर्धारित अवधि तक ग्रामीण सेवा करनी होगी।

अधिष्ठाता
**सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा**
**महाविद्यालय मन्दसौर**

# वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु नियम एवं शर्ते।

- आरक्षण शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार।
- निर्धारित आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी की रिक्त सीटों के विरूध्द प्रथमतः संबंधित श्रेणी के तदोपरांत सीनियर रेसीडेन्ट हेतु अन्य चिकित्सकों का चयन होगा। ततपश्चात् आरक्षित वर्ग के रिक्तियों के विरूध्द SR उपलब्ध न होने पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछडावर्ग, सामान्य श्रेणी के कम से उपलब्ध चिकित्सकों से भरी जावेगी।
- पदों की रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है। रिक्तियों की कैटेगिरी में परिवर्तन किया जा सकता है।
- आवेदनपत्र प्रस्तुत करने से अभ्यर्थी साक्षात्कार का पात्र नहीं हो जाता।
- **अवधि** : सीनियर रेसीडेन्ट्स की सेवा–अवधि (Tenure) एक वर्ष की होगी। इनकी प्रथमः 01 वर्ष हेतु नियुक्ति की जावेगी। तत्पश्चात् सेवायें संतोषजनक पाये जाने एवं आवश्यकता अनुसार 01–01 वर्ष हेतु समय बढ़ाते हुए अधिकतम 3 वर्ष तक बढ़ाई जाएगी।
- **पात्रता** : 1. सीनियर रेसिडेंट के पद हेतु आवेदन जमा करने की तिथि के पांच (5) वर्ष के अन्दर एम. डी./एम. एस. /डी. एन. बी. / डिप्लोमा / एम. डी. एस. पाठयकम उत्तीर्ण करने वाले चिकित्सक पात्र होंगे।
  2. चिकित्सक की उम्र 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिये।
  3. एन. एम. सी. द्वारा समय–समय पर जारी अर्हतायें स्वतः लागू होगी।
- **चयन विधि** 1. योग्य अभ्यर्थियों का चयन एम.बी.बी.एस./एम.डी./एम.एस./डी एन बी सभी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी परीक्षाओं के अंकों , अनुभव, अतिरिक्त योग्यता एवं साक्षात्कार उपरांत किया जावेगा। नियुक्ति चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा की जावेगी ।
  2.चयन हेतुप्रथमतः प्राथमिकता विज्ञापन जारी करने वाले चिकित्सा महाविघालय से उत्तीर्ण चिकित्सकों को दी जायेगी । तत्पश्चात म.प्र के अन्य शासकीय चिकित्सा महाविघालय से उत्तीर्ण चिकित्सकों को प्राथमिकता दी जायेगी । इसके पश्चात शेष रिक्तपदों के लिये प्रदेश के निजी चिकित्सा महाविघालय/अन्य प्रदेश के शासकीय/निजी चिकित्सा महाविघालयों के उम्मीदवारों पर विचार किया जायेगा।
  3.चिकित्सक द्वारा जिस विषय में एम.डी./एम.एस /डी.एन.बी. किया है उसी विषय के लिये पात्रता होगी।
  4.चयन का कम कमशः डिग्रीधारी, डी.एन.बी. होगा।
  5 चयनीत सीनियर रेसीडेन्ट को निजी प्रैक्टिस की पात्रता नही होगी।

- **आवेदन शुल्क** : सीनियर रेसीडेन्ट्स/ जूनियर रेसीडेन्ट के पद हेतु अभ्यार्थियों को अपने आवेदन के साथ रूपये 600 एवं आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को रूपये 300 । राशि का भुगतान स्कुटनी के समय किया जाये। किसी भी अवस्था मे राशि लौटायी नही जावेगी ।
- **शैक्षणिक योग्यताः–**
  - अन्य संबंधित विषय में एम.सी.आई द्वारा मान्यता प्राप्त एम.डी./एम.एस./डी.एन.बी परीक्षा उत्तीर्ण ।
  - सीनियर रेसीडेन्ट पद पर नियुक्त किसी चिकित्सक को निजी प्रेक्टिस की पात्रता नहीं होगी। जिन चिकित्सकों ने नोटिस निकलने के दिनॉक से पिछले पॉच वर्ष के अन्दर एम.डी./एम.एस. परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे ही इस पद के लिये पात्र होगें। जिन चिकित्सकों ने इसी चिकित्सा महाविद्यालय से एम.डी./एम.एस. /परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। उसके बाद मध्यप्रदेष के किसी भी चिकित्सा महाविद्यालय से उत्तीर्ण चिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्था द्वारा कदाचार के कारण पूर्व में सेवा समाप्त उम्मीद्वार को आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी।

10. **यात्रा भत्ता** :–साक्षात्कार के लिये किसी भी अभ्यार्थी को यात्रा भत्ता नहीं दिया जावेगा।
11. **आयु सीमाः**–साक्षात्कार के लिये किसी भी अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये ।

अन्य शर्तेः

1. इन चिकित्सकों का प्रत्येक 01 वर्ष में 12 दिवस के आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी तथा सप्ताह में एक दिन अवकाश की पात्रता होगी यह अवकाश संचित नहीं किया जा सकेगा, पर इन रेसीडेन्टस से संबंधित, सभी बातों पर अधिष्ठाता का निर्णय अंतिम होगा।
2. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को तत्संबंध का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारुप में सक्षम अधिकारी म.प्र. षासन द्वारा प्रदत्त की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. के मूल निवासी को ही आरक्षण का लाभ दिया जावेगा।

4. उम्मीद्वार को शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगी।
5. सेवा की अन्य शर्तें नियुक्ति पत्र में दर्शाये अनुसार बंधनकारी होगी।
6. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही जिस संस्था में कार्यरत है उस संस्था का अनापत्ति/त्यागपत्र स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. उम्मीद्वार को म.प्र. राज्य मेडिकल कौंसिल अथवा मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. सीनियर रेसीडेन्ट के पद पर चयनित उम्मीद्वार को आवष्यकतानुसार अन्य स्थान / सी.एम.ओ. ड्यूटी पर कार्य करने हेतु आदेशित किया जा सकता है।
9. यदि किसी अभ्यर्थी के दस्तावेज असत्य पाए जाते है अथवा यदि कोई चयनित उम्मीदवार बिना सूचना के अनुपस्थित पाया जाता है तो उसे सेवा से पृथक करने का अधिकार अधिष्ठाता के पास रहेगा।

**साक्षात्कार के समय उपरोक्त समस्त प्रमाणपत्रों की मूलप्रतियाँ प्रस्तुत करनी होगी।**

अधिष्ठाता
**सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मन्दसौर**

प्रति, दिनांक.........

**अधिष्ठाता**
**सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा**
**महाविद्यालय मन्दसौर**

**<u>सीनियर रेसीडेन्ट के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र</u>**

आवेदन-पत्र...................... ...................... विभाग..................................................

नोटः सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जाये।

1. आवेदक का नाम..........................................................................
2. पुरुष / महिला. ..........................................................................
3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित)..........................................
4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)......................................................................
   शहर का नाम................................. फोन नं............................................................
   मोबाइल नं.........................................................
5. स्थाई पता ...........................................................................................................................
   ...........................................................................................................................
   शहर का नाम...........................................फोन नं.............................................................
   मोबाइल नं..................................................
6. जन्मतिथि (हाईस्कूल परीक्षा की अकंसूची संलग्न करें)................................................................
7. आज दिनांक को आवेदक की आयु दिन....... माह...............वर्ष.................
8. वर्गः सामान्य / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / विकलांग................................. (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें).
9. मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनाँक................................................ (एम.बी.बी.एस. / एम.डी./ एम. एस.)
10. इंटर्नशीप पूर्णता की दिनांक ...........................................
11. एम.डी./एम.एस./डी.एन.बी. उत्तीर्ण करने का दिनांकः..................................................................

12. शैक्षणिक योग्यताएँ:- (प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति सलंग्न करें

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | संस्था/ बोर्ड/ विवि | वर्ग | विषय | प्राप्तांक | एम बी बी एस के कुल प्राप्तांक/प्रतिशत | प्रयास (Attempts) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MBBS First Prof | | | | | | |
| 2 | MBBS Second Prof | | | | | | |
| 3 | MBBS Final Part I | | | | | | |
| 4 | MBBS Final Part II | | | | | | |
| 5 | MD/MS/ DNB | | | | | | |

(प्रत्येक वर्ष का पृथक-पृथक भ्रे)

नोटः प्रत्येक परीक्षा के प्रयास (Attempt) प्रमाण पत्र अधिष्ठाता द्वारा प्रदत्त हो संलग्न' करें'।

राशि का भुगतान स्क्रुटनी के समय किया जाये ।

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान..........................

दिनांक..........................

// प्रमाण-पत्र //

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णत सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा। मुझ पर म.प्र शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मन्दसौर के नियम एवं प्रावधान पूर्ण रुपेण बंधनकारक होगें।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर